## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आया किसान, हालत गंभीर

**कटनी।** रीठी थाना क्षेत्र अंतर्गत करंट लगने से एक किसान गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के वक्त किसान खेत में लकड़ी काट रहा था, तभी वह अचानक वहां से गुजर रही बिजली की लाइन की चपेट में आ गया। हादसे में घायल 50 वर्षीय किसान राजिदा यादव की हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार राजिदा यादव अपने खेत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान जब वे खेत में लगी लकड़ी (पेड़ की डालियां) काट रहे थे, तभी उनका संपर्क वहां मौजूद बिजली के तारों से हो गया। करंट का झटका इतना जोरदार था कि वे बुरी तरह झुलस गए और मौके पर ही अचेत हो गए। घटना के तुरंत बाद आसपास के लोगों और परिजनों की मदद से लहूलुहान और अचेत अवस्था में किसान को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों के मुताबिक, करंट लगने के कारण किसान काफी ज्यादा झुलस चुके हैं और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

### आरपीएफ परिसर में गुहेरा का किया रेस्क्यू

**कटनी।** मुख्य रेलवे जंक्शन कटनी के प्लेटफार्म क्रमांक पांच और छह की ओर स्थित रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) परिसर में देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एक गुहेरा परिसर के भीतर पहुंच गया। अचानक वन्य जीव के दिखाई देने से वहां मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, गुहेरा परिसर के एक खाली कमरे में घुस गया। इसके बाद आरपीएफ कर्मियों ने सतर्कता बरतते हुए कमरे को बंद कर दिया और सर्प मित्र अमृता श्रीवास को सूचना दी। सूचना मिलते ही अमृता श्रीवास मौके पर पहुंचीं और सुरक्षित तरीके से गुहेरा का रेस्क्यू कर उसे बोरी में बंद कर लिया। रेस्क्यू के बाद गुहेरा को जंगल क्षेत्र में छोड़ दिया गया। रेलवे सर्कुलेशन क्षेत्र में झाड़ियां और पेड़-पौधे अधिक होने के कारण वह भटककर आरपीएफ परिसर तक पहुंच गया था।

### नकली गुटखा पैकिंग पर पुलिस ने की कार्रवाई

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन में पुलिस ने दबिश देकर नामी गुटखा ब्रांड की डुप्लीकेट पैकिंग करने वाले एक बड़े नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में नकली गुटखा और पैकिंग सामग्री जब्त की है। माधवनगर पुलिस को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि बंगला लाइन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नकली गुटखा तैयार कर उसकी पैकेजिंग की जा रही है। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल योजना बनाकर बताए गए ठिकाने पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने देखा कि वहां 'लहर' गुटखे की हूबहू नकली पैकिंग तैयार की जा रही थी। ब्रांडेड कंपनी के रैपर और पैकिंग का इस्तेमाल कर घटिया दर्जे का तंबाकू और गुटखा बाजार में खपाने की तैयारी थी। मौके से भारी मात्रा में नकली गुटखा, खाली पाउच, रैपर्स और पैकेजिंग में इस्तेमाल होने वाली मशीनें व अन्य सामग्री बरामद की।

### उल्टी दस्त, बुखार से पीड़ित हो रहे लोग, बच्चों की संख्या ज्यादा

# मौसम में उतार चढ़ाव बना रहा बीमार अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की बढ़ी तादाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

वर्षाकाल में मौसम के उतार चढ़ाव से बीमारियां बढ़ने लगी है जिससे निजी व सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। आम दिनों के मुकाबले स्लीमनाबाद अस्पताल की ओपीडी 100 तक पहुंचने लगी है। लगातार सप्ताह भर से ओपीडी 100 पार पहुंच रही है। इनमें से करीब 20 प्रतिशत मरीज उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इनमें कुछ मरीजों की हालत गंभीर होने के कारण अस्पताल में भर्ती करना पड़ रहा है। उल्टी-दस्त की चपेट में आने वालों में ज्यादातर बच्चे हैं।इन दिनों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी वार्ड फुल है।

#### ओपीडी में बढ़ी मरीजों की संख्या

स्लीमनाबाद स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक आम दिनों में अस्पताल की ओपीडी करीब 50 से 40 तक पहुंचती है।लेकिन वर्तमान में 100से 110 के आसपास ओपीडी पहुंच रही है। स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे पदस्थ चिकित्सा अधिकारी डॉ शिवम दुबे ने बतलाया कि मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से बच्चे वायरल फीवर के साथ ही खांसी, जुकाम व उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। उमस भरी गर्मी और सुबह-शाम मौसम के मिजाज में नरमी का रुख होना लोगों की परेशानी का कारण बना हुआ है।

#### तेजी से फैल रहा वायरल

बच्चों में इन दिनों सर्दी-खांसी के साथ बुखार तेजी से फेल रहा है। यह वायरल एक-दूसरे के संपर्क में आने की वजह से हो रहा है। परिवार में एक सदस्य को होने पर पूरे परिवार के सदस्य भी वायरल की चपेट आ रहे हैं।इन दिनों वायरल के लक्षण सर्दी, खांसी और बुखार है। साथ ही बच्चों को उल्टी-दस्त भी हो रहे हैं। एक-दूसरे संपर्क में आने से जल्दी इंफेक्शन का खतरा बढ़ रहा है। कई परिवार के पूरे सदस्यों को इंफेक्शन हुआ है। बीमारी से बचने के लिए सतर्क रहने की जरूरत है।

मौसम में आ रहे बदलाव की वजह से बाहर का खाना ना खाएं। कोशिश करें कि बीमार मरीज से दूरी बनाकर रखें।उल्टी -दस्त से प्रभावित मरीजों क्रो ड्रिप लगाना, अस्पताल मे ही पानी उबालकर मरीजों क्रो पिलाया जा रहा है। ओआरएस घोल स्वास्थ्य अमले के द्वारा घर -घर वितरण करवाए जा रहे है व मरीजों क्रो भी अस्पताल मे ओआरएस घोल दिया जा रहा है!क्योंकि बरसात के कारण हो रहे बदलाव से बीमारियां तेजी से पनप रही है जिससे बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक पीड़ति है।

डॉक्टर शिवम दुबे के द्वारा लोगों क्रो जागरूक भी किया जा रहा है कि घर मे पानी उबालकर पीयें!रात के समय पानी ढककर रखें। साफ -सफाई, हाथ धुलकर खाने का सेवन करें। उल्टी -दस्त होने पर तुरंत अस्पताल आकर स्वास्थ्य उपचार करवाए। ख़ासकर बच्चें जब उल्टी -दस्त से पीड़ति हो तो तुरंत चिकित्सकीय लाभ ले क्योंकि बच्चों की मृत्यु उल्टी -दस्त से ही होती है। बारिश मे भीगने ओर तेज धूप के सीधे संपर्क मे आने से बचे। मच्छरों से बचाव के लिए उचित उपाय करें।



## महापौर ने सुनी समस्याएं निराकरण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर पालिक निगम में 14 जुलाई मंगलवार को आयोजित महापौर जनसुनवाई में शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, सड़क, नाली, स्वच्छता, राजस्व, अतिक्रमण सहित विभिन्न नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर सुनवाई की गई।

महापौर श्रीमती सूरी ने प्रत्येक आवेदन पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई नागरिकों की समस्याओं के प्रभावी एवं पारदर्शी समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम है। नागरिकों कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कर आवेदकों को समय पर राहत प्रदान की जाए तथा प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित की जाए।

जनसुनवाई के दौरान नगर निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एक ही स्थान पर मौजूद रहे, जिससे नागरिकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। कई प्रकरणों में मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर कार्रवाई प्रारंभ कराई गई, जबकि गंभीर मामलों के शीघ्र निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। महापौर शहर वासियों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए महापौर जनसुनवाई में उपस्थित होकर अपनी शिकायतें सीधे नगर निगम के समक्ष रखें।

## उमरियापान में कल निकलेगी भगवान जगन्नाथ स्वामी की भव्य रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

नगर में 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। सामूहिक वैश्य समाज के संयोजन में आयोजित होने वाली यह शोभायात्रा मचखण्डा मोहल्ला स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होगी।रथयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए लिड़हा तालाब जगदीश स्वामी मंदिर पहुंचेगी। यहां भगवान का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया जाएगा और कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में रथयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### सांदीपनी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा आज से

**बरही।** तहसील अंतर्गत संदिपनी विद्यालय करेला में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा आज 15 जुलाई से 24 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा प्रत्येक दिवस अलग अलग गतिविधियां आयोजित की जायेगी। साथ ही एक दिवसीय संदिपनी उत्सव का आयोजन विद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसमें विज्ञान प्रदर्शनी विज्ञान के प्रयोग प्रोजेक्ट वेस्ट गतिविधियों का प्रदर्शन गुरुजनों का सम्मान विद्यार्थी एवं शिक्षकों द्वारा किए गए नवाचार की जानकारी विद्यार्थियों द्वारा डिजिटल /Ai का प्रदर्शन अभिभावक जन प्रतिनिधियों व समुदाय की सहभागिता मेघावी छात्रों का सम्मान होगा। आयोजित गतिविधियों की तैयारियां की गई है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं की प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन 31 तक

**कटनी।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2027 हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट www.navodaya.gov.in अथवा https://cbseitms.rcil.gov.in/ nvs/ Index/ Registration के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत हों। साथ ही अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 (दोनों तिथियां शामिल) के बीच होनी चाहिए। आवेदक का कटनी जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है और जिस विद्यालय में वह अध्ययनरत है, वह भी कटनी जिले में स्थित होना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रॉस्पेक्टस का अवलोकन कर सकते हैं। विद्यालय प्रशासन ने समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है।

## विकासखंड स्तरीय शिविर में 159 युवाओं का चयन



जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विकासखंडवार रोजगार शिविरों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को कटनी विकासखंड के जनपद पंचायत द्वारका भवन में जिला रोजगार कार्यालय द्वारा एसआईएस लिमिटेड, सिंगरौली के सहयोग से रोजगार शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया और कुल 503 बेरोजगार युवाओं का पंजीयन किया गया। कंपनी द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के बाद 159 युवाओं का चयन किया गया, जिन्हें जॉइनिंग लेटर प्रदान किए गए। चयनित युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। शिविर के सफल संचालन में जिला रोजगार कार्यालय के अनिल कुमार तिवारी तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के धर्मेंद्र एवं उनकी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्कूल सहित यात्री बसों की सघन जांच, बिना फिटनेस संचालित एक बस जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में सड़क एवं यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व परिवहन विभाग द्वारा कटनी-जबलपुर एवं कटनी-निवार मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया।

#### दस्तावेजों की हुई जांच

जांच के दौरान 12 स्कूल बसों और 15 यात्री बसों के फिटनेस, परमिट, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों की गहन जांच की गई। साथ ही बसों में उपलब्ध सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी परीक्षण किया गया, ताकि यात्रियों और स्कूली बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित हो सके।

अभियान के दौरान एक यात्री बस बिना वैध फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित पाई गई। इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए परिवहन विभाग ने तत्काल कार्रवाई कर बस को निवार चौकी में जब्त कर लिया। संबंधित वाहन स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल ने कहा कि फिटनेस प्रमाण पत्र किसी भी वाहन की तकनीकी सुरक्षा का प्रमाण होता है। बिना फिटनेस के वाहन चलाना दुर्घटनाओं को आमंत्रण देने जैसा है। उन्होंने वाहन मालिकों से सभी दस्तावेज समय पर नवीनीकृत कराने और नियमों का पालन करने की अपील की।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा को लेकर इस तरह के जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। बिना वैध दस्तावेजों के वाहन संचालन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि जिले में सुरक्षित और व्यवस्थित परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई, कैलवाराखुर्द से किया गया गिरफ्तार

## प्रतिबंधित नाइट्रावेट की गोलियों के साथ युवक को किया गिरफ्तार, नेटवर्क का पता लगाने जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कोतवाली पुलिस ने नशीली दवाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को नाइट्रावेट के 7 पत्तों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि प्रतिबंधित गोलियां उसे कहां से मिलीं और इनके अवैध कारोबार में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी राखी पाण्डेय के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार, लगातार सूचना मिल रही थी कि शहर के कुछ युवा गांजा और स्मैक के अलावा नाइट्रावेट गोलियों का भी नशे के रूप में उपयोग कर रहे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कैलवारा खुर्द रोड पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक दुबे (19) निवासी प्रजापति मोहल्ला, नदीपार, कैलवारा रोड, थाना कोतवाली बताया। तलाशी लेने पर युवक के पास से नाइट्रावेट आईपी 10 एमजी की 7 पत्तियां बरामद हुईं। आरोपी इन गोलियों के संबंध में कोई वैध चिकित्सकीय पर्ची या अन्य दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में उसने गोलियां नशा करने के उद्देश्य से अपने पास रखना स्वीकार किया।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 8/21, 22 एनडीपीएस एक्ट तथा 5/13 म.प्र. ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बरामद गोलियों की अनुमानित कीमत 315 रुपये बताई गई है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है। उसके विरुद्ध थाना कोतवाली एवं कुठला में मारपीट और चोरी के तीन आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब नाइट्रावेट गोलियों की सप्लाई चेन और इससे जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेन्द्र तिवारी, उमेश सिंह तथा आरक्षक अजय प्रताप सिंह, मंसूर हुसैन, विकास राय, मोहन मण्डलोई, अजीत सिंह एवं दिनेश सेन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बहोरीबंद विकासखण्ड में अब तक 40 प्रतिशत हुई है खरीफ फसलों की बोवनी

## वर्षा के अभाव में पिछड़ रही धान की बोवनी, बोरवैल से कर रहे सिंचाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद





बहोरीबन्द विकासखण्ड में इस बार देर से शुरू हुई बारिश के कारण धान की बोनी प्रभावित हुई है। जुलाई का महिना लगभग आधा बीतने को है और वर्तमान में अभी भी बड़ी संख्या में किसान अपने खेतों में रोपा लगाने का काम कर रहे हैं। कृषि विभाग से मिली जानकारी अनुसार अब तक की स्थिति में विकासखण्ड में कुल धान के रकबे में मात्र 40 प्रतिशत क्षेत्र में बुआई का काम पूरा हो सका है।30 हजार हैक्टेयर के निर्धारित खरीफ सीजन के लक्ष्य में 15 हजार हैक्टेयर मैं धान की बोवनी होना है जिसमे अब तक 4 हजार हैक्टेयर में धान का रोपा लगा है।शेष बचे रकबे मैं कार्य जारी है।

किसानों का कहना है कि हर बार जुलाई की शुरूआत या फिर अधिकतम जुलाई के पहले पखवाड़े तक बोनी का काम पूरा कर लिया जाता है। वहीं धान की रोपाई के लिए मजदूर नहीं मिलने से भी खेती का कार्य पिछड़ रहा है।

बहोरीबन्द विकासखण्ड में जुलाई माह के शुरुआत मे बारिश ने जोर तो पकड़ा है लेकिन विकासखण्ड के सभी स्थानों में यह बारिश समान रूप से नहीं हुई। कहीं ज्यादा तो कहीं कम बारिश होने से किसान परेशान हो रहे हैं।अब तक बहोरीबन्द तहसील में 221 मिमी. स्लीमनाबाद मैं 367 मिमी. बारिश दर्ज की गई है। कृषक पवन यादव,राकेश साहू, अरविंद हळदकार, धर्मेंद्र हळदकार का कहना है कि जुलाई लगते ही बारिश तो शुरू जरूर हुई है, लेकिन बारिश लगातार नहीं हो रही है, एक दिन की बारिश के बाद दो-तीन दिन धूप निकल जाने से खेतों में बनी सारी नमी समाप्त हो जाती है। विशेष रूप से धान की फसल के लिए खेतों में न केवल नमी बल्कि खेतों में कम से कम एक से डेढ़ फिट तक पानी भरा होना चाहिए, लेकिन बारिश लगातार नहीं होने से सभी जगह खेतों में पानी नहीं भर पा रहा है।

#### 10 की जगह 6 घंटे ही मिल रही बिजली

पर्याप्त बारिश न होने की स्थिति मे कृषक निजी बोरवेलों के सहारे खेतो मैं सिंचाई कर खेतो को रोपा लगाने तैयार कर रहे है।लेकिन कृषि बिजली निर्धारित 10 घण्टे की जगह मात्र 6 से 7 घण्टे ही आपूर्ति हो रही है।जिससे किसानों को परेशान होना पड़ रहा है।6 से 7 घण्टे की बिजली भी जो मिलती उसमे भी बार बार ट्रिपिंग की जा रही है।जिससे कृषक जो सिंचाई खेतो मैं करते है जमीन मैं पानी समा जाता है।खेतो मैं पर्याप्त पानी नही भर पाता।

## दुर्घटनाओं को रोकने एवं आवागमन को सुगम बनाने के लिये आवारा मवेशियों को पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



शहर में नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं बाधा रहित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा सार्वजनिक मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में घुमंतु मवेशियों को पकड़ने की विशेष कार्यवाही निरंतर जारी है। निगम प्रशासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की हांका टीम द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों एवं घनी आबादी वाले क्षेत्रों में सघन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना, यातायात को सुव्यवस्थित करना एवं स्वच्छता बनाए रखना है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम की हांका टीम द्वारा मंगलवार शाम शहर के विभिन्न क्षेत्रों बरगवां स्थित डॉक्टर विकास गुप्ता हास्पिटल के पास, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, बजाज एजेंसी के पास सहित अन्य स्थलों से कुल 11 घुमंतु मवेशियों को पकड़कर उन्हें अमीरगंज स्थित कांजी हाउस में सुरक्षित रूप से पहुंचाया गया। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक मार्गों, पार्कों एवं सरकारी भूमि पर मवेशियों को खुला छोड़ना दंडनीय अपराध है। पकड़े गए मवेशियों को छुड़ाने के लिए पशुपालकों को निर्धारित जुर्माना एवं रखरखाव शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा ।

नगर निगम का मानना है कि खुले में घूमने वाले मवेशियों के कारण न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दोपहिया चालकों एवं पैदल यात्रियों के साथ दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही मार्गों पर गंदगी फैलने से स्वच्छता भी प्रभावित होती है। निगम प्रशासन ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को घर में ही बांधकर रखें। सार्वजनिक स्थानों पर मवेशी पाए जाने पर निगम द्वारा मवेशियों को कांजी हाउस में बंद करने तथा जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### एसपी कार्यालय में सुनी गई लोगों की समस्याएं

**कटनी।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में एएसपी कमल मौर्य, एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी, एसडीओपी विजयराघवगढ़ धीरेन्द्र धार्वे तथा डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा ने आमजन की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण करते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं साइबर सेल को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतें भी प्राप्त हुईं। इस पर पुलिस अधिकारियों ने फरियादियों को शासन द्वारा जारी साइबर सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए साइबर सेल को प्रकरण भेजने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य रूप से पारिवारिक विवाद, आपसी विवाद, पैसों के लेन-देन, पुलिस द्वारा सुनवाई नहीं होने की शिकायतें, भूमि एवं प्लॉट संबंधी धोखाधड़ी, महिला अपराध तथा अन्य पुलिस संबंधी मामलों पर सुनवाई की गई। आवेदकों को संबंधित विभाग से संपर्क करने की सलाह दी गई।

### अलग अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत

**कटनी।** माधवनगर थाना क्षेत्र के ग्राम देवरीसानी में ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा गत दोपहर करीब 3:00 बजे देवरीसानी नहर पुलिया के पास हुआ। मृतक की पहचान सूरज सिंह गौड़ 15 वर्ष के रूप में हुई। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इसी तरह कुठला थाना क्षेत्र के चाका बायपास पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। हादसा गत रात करीब 10:00 बजे चाका बायपास पर हुआ। मृतक की पहचान सौरभ वंशकार 23 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला, रंगनाथ नगर के रूप में हुई। हादसा की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। उधर बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोकरिया में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई। मृतक की पहचान मनोज सिंह परिहार 48 वर्ष निवासी ग्राम फुरताल के रूप में हुई। पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

### चार सीईओ बने उपायुक्त

**कटनी।** राज्य शासन ने कटनी जिले में पदस्थ चार मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को उपायुक्त (विकास) पद पर पदोन्नति के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह, रीठी के राजेश नरेंद्र सिंह, ढीमरखेड़ा के यजुवेंद्र कोरी और बड़वारा की सुश्री प्रभा तेकाम को कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक स्थापन्न रूप से उपायुक्त (विकास) के पद पर पदोन्नति दी गई है।

### लंबित प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता बरतने अधिकारियों को दिए निर्देश

# ननि की सख्ती: 9 अवैध कालोनाइजर के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नगर निगम कार्यालय में सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने नगर विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं, सीएम हेल्पलाइन, महापौर जनसुनवाई, समय-सीमा के चिन्हित पत्रों एवं न्यायालयीन प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन से जुड़े प्रत्येक कार्य का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे और किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब न हो।

निगमायुक्त ने नामांतरण प्रक्रिया को पूर्णतः ऑनलाइन एवं अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से प्राप्त प्रकरणो को ऑनलाइन दर्ज करने की कार्यवाही प्रारंभ करने तथा कर्मचारियों के लिए द्वितीय प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित सेवाओं के माध्यम से नागरिकों को सरल, त्वरित एवं पारदर्शी सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम प्रशासन की प्राथमिकता है। निगमायुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान राजस्व अमले को वसूली अभियान में और अधिक तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि 31 जुलाई तक संपत्ति कर पर उपलब्ध 5 प्रतिशत की अग्रिम छूट का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिकाधिक नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाकर समय पर कर जमा करें।

बैठक के दौरान मध्यप्रदेश कॉलोनी विकास नियमों के अंतर्गत नियमित की गई कॉलोनियों से निगम कोष में जमा कराई गई विकास शुल्क की समीक्षा की गई। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह ने जानकारी दी कि विकास शुल्क की वसूली की कार्यवाही निरंतर जारी है तथा अब तक 09 अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। साथ ही चिन्हित नई अनाधिकृत कॉलोनियों में अवैध निर्माण कार्यों को रोकने की कार्रवाई भी की जा रही है। इस पर निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई में और अधिक तेजी लाई जाए, ताकि अनधिकृत कॉलोनी विकास पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। विकास शुल्क की राशि जमा कराने हेतु नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रख जोन कार्यालयों में शिविर का आयोजन करनें की बात भी निगमायुक्त ने बैठक के दौरान कही। आपदा प्रबंधन हेतु गठित दल द्वारा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में की जा रही जांच में गति लाते हुए जन सुरक्षा के मद्देनजर फायर सेफ्टी नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग संस्थानों, होटल, लॉज, मैरिज गार्ड एवं प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी कर विधि सम्मत कार्यवाही करने के निर्देश भी निगमायुक्त ने दिए।

प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के अंतर्गत 15 हजार, 25 हजार एवं 50 हजार रुपये के ऋण प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निगमायुक्त ने प्राप्त आवेदन, स्वीकृत, अस्वीकृत, बैंकों से वापस लौटे एवं लंबित प्रकरणों की जानकारी ली।

# नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान आज से चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नशे के उन्मूलन के लिए पुलिस विभाग द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रदेश में "नशे से दूरी है जरूरी 2.0" नामक व्यापक जनजागृति अभियान संचालित किया जाएगा। जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

यह अभियान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के निर्देशन में संचालित होगा, जिसका उद्देश्य समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नशा पीड़ितों के पुनर्वास को प्रोत्साहित करना और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रेरित करना है।

अभियान के तहत "नशा मुक्त भारत अभियान" के निर्देशों का पालन करते हुए एनएमबीए के मानकीकृत बैनरों का उपयोग, राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 एवं मानस हेल्पलाइन 1933 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही, नागरिकों को "नशा मुक्ति मित्र" बनने, ई-प्लेज (शपथ) लेने और एनएमबीए मोबाइल ऐप पर गतिविधियों को अपलोड करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### पहले दिन रैली और ड्रग अवेयरनेस रन

अभियान के शुभारंभ दिवस 15 जुलाई को जिले में बड़े स्तर पर रैली, ड्रग अवेयरनेस रन एवं शपथ कार्यक्रम आयोजित होंगे। इसमें स्कूल-कॉलेज के छात्र, एनसीसी, स्काउट-गाइड, जनप्रतिनिधि और सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी रहेगी। साथ ही मीडिया के माध्यम से जनसंदेश का प्रसार किया जाएगा।

अभियान के दौरान शैक्षणिक संस्थानों में व्याख्यान, लघु फिल्म प्रदर्शन, चित्रकला, निबंध, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। झुग्गी बस्तियों और चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर नशा पीड़ितों को परामर्श एवं पुनर्वास सेवाओं से जोड़ा जाएगा।

जनजागरूकता बढ़ाने के लिए नुक्कड़ नाटक, मानव श्रृंखला, सार्वजनिक परिवहन पर पोस्टर, बाजारों एवं हाटों में जनसंवाद, सोशल मीडिया अभियान और मोटिवेशनल स्टोरी का प्रसारण किया जाएगा। पुलिस थाना परिसरों, खेल मैदानों और धार्मिक स्थलों पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**बिना लायसेंस बीज विक्रय करने पर एफआइआर के निर्देश**

# प्रशासन की कार्यवाही होती देख दुकानों में ताला लगाकर चंपत हो गये दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त खाद, बीज एवं कृषि आदान उपलब्ध कराने तथा कालाबाजारी, जमाखोरी और अमानक सामग्री के कारोबार पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में विशेष सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम ने रीठी और बड़वारा विकासखंड में औचक निरीक्षण कर कई कृषि आदान विक्रेताओं के विरुद्ध कार्रवाई की है।

विकासखंड रीठी में निरीक्षण के दौरान मैसर्स पार्शवनाथ खाद बीज भण्डार, बिलहरी तथा मैसर्स कमलेश कुमार जैन, बड़गांव में विभिन्न अनियमितताएं पाई गईं। इसके चलते संबंधित प्रतिष्ठानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया हैं।

### एफआईआर के निर्देश

ग्राम मोहास स्थित मैसर्स पाण्डेय कृषि केन्द्र के संचालक प्रभात पाण्डेय बिना वैध लाइसेंस के बीज विक्रय करते पाए गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित के विरुद्ध पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### तीन प्रतिष्ठानों को नोटिस

बड़वारा विकासखंड में मैसर्स सांई खाद बीज भण्डार पिपरिया कला, मैसर्स सतीश बीज भण्डार बरही तथा मैसर्स गुप्ता बीज भण्डार बरही के निरीक्षण में कमियां पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### आठ दुकानों पर ताले

निरीक्षण दल के क्षेत्र में पहुंचने की सूचना मिलने पर बरही क्षेत्र के आठ कृषि आदान विक्रेता प्रतिष्ठानों ने दुकानें बंद कर दीं और मौके से अनुपस्थित पाए गए। प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों के विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं।

### जांच में दो बीज अमानक

खरीफ सीजन के दौरान लिए गए बीज नमूनों की प्रयोगशाला जांच में दो नमूने अमानक पाए गए। इसके चलते मैसर्स अंकिता बीज भण्डार, बड़वारा तथा अग्रहरि कृषि केन्द्र, कौड़िया (बहोरीबंद) के विरुद्ध प्रारंभिक रूप से विक्रय प्रतिबंध की कार्रवाई करते हुए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए हैं।

### दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास खेलावन डहरिया ने स्पष्ट किया है कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी, अमानक बीज या कृषि आदानों की बिक्री तथा नियमों के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खाद, बीज एवं कीटनाशकों की खरीदी केवल अधिकृत विक्रेताओं से करें तथा जीएसटी युक्त पक्का बिल अवश्य प्राप्त करें।

## नुक्कड़ नाटक से नागरिकों को किया जागरूक



मानसून के दौरान मौसमी एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव तथा स्वच्छ सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के उद्देश्य से नगर पालिक निगम कटनी द्वारा 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' अभियान के अंतर्गत शहरभर में सघन जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों के रहवासियों से सीधा संवाद कर उन्हें स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व के बारे में जानकारी प्रदान की गई। अभियान के क्रम में कावस जी वार्ड में क्षेत्रीय पार्षद निवास के पास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के रहवासियों को अपने घरों एवं आसपास नियमित साफ-सफाई बनाए रखने, जलभराव रोकने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी नागरिकों को प्रदान कर बताया गया कि साफ-सफाई अपनाकर ही इन बीमारियों को जड़ से रोका जा सकता है। इस पहल से एक ओर जहां घरों में पड़े अनुपयोगी सामान का सदुपयोग होगा, वहीं दूसरी ओर अपशिष्ट में कमी आकर पर्यावरण संरक्षण को बल मिलेगा।

# विद्यार्थियों के साथ रखें संवेदनशील व्यवहार, स्कूलों की मानिटरिंग के लिए पहुँचा अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 में स्कूलों की मानिटरिंग का कार्य संयुक्त संचालक जबलपुर के निर्देशानुसार जन शिक्षा केंद्र स्लीमनाबाद में शुरू कर दी गईं हैं। मंगलवार को जन शिक्षक डॉ दिलीप त्रिपाठी ने जन शिक्षा अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला सलैया फाटक पहुंचकर शालाओ की अधोसंरचना, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, साफ- सफाई पाठ्य पुस्तक वितरण, टाइम टेबिल मैपिग नव साक्षरता अभियान चाइल्ड ट्रेकिंग एप के माध्यम से बच्चो को मेप करना पोर्टल पर कक्षोन्नति करना,विद्यार्थियों की उपस्थिति मेपिंग, मध्यान्ह भोजन, टी एल एम, एफएलएन जैसे महत्वपूर्ण कार्यो की सघन मानीटरिग की गईं !जन शिक्षक ने डॉ दिलीप त्रिपाठी ने शाला प्रभारियों को कक्षा पहली, छठवीं और नवमी में नामांकन, मैपिंग फीडिंग के साथ ओर स्कूलों में शत-प्रतिशत नामांकन पूरा करने के निर्देश दिए ।निरीक्षण मैं जन शिक्षक ने प्रवेश से वंचित बच्चों की सूची उपलब्ध करवाकर एक–एक बच्चे को चिन्हित कर उनसे सम्पर्क कर, जरूरत पड़ने पर उनके पालक से भी सम्पर्क कर ऐसे बच्चों का प्रवेश कराने निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने हिदायत दी कि किसी भी बच्चे को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही स्कूल परिसर की साफ सफाई के साथ–साथ मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता पर भी ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पाठयपुस्तक वितरण जल्द से जल्द कराने, बरसात के मौसम को देखते हुए बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार व अध्यापन कार्य कराने के निर्देश दिए।

**जन सुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर से बताई अपनी परेशानी**

# दबंगों द्वारा रास्ता बंद करने, पंडाल तोड़ने सहित मारपीट करने के लगाये आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विजयराघवगढ़ तहसील के ग्राम खिरवा नं. 01 (फुटहा टोला) के दर्जनों ग्रामीण जनसुनवाई में कलेक्टर को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर गांव के दबंगों द्वारा उनका पुश्तैनी रास्ता बंद करने, मारपीट करने और गंभीर जातिसूचक गालियां देकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

पीड़ितों ने न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है। कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन के अनुसार, ग्राम खिरवा नं. 01 के फुटहा टोला, नई बस्ती हरिजन, आदिवासी मोहल्ला और चहला टोला के ग्रामीण वर्षों से एक पुश्तैनी रास्ते का उपयोग आवागमन के लिए कर रहे थे। यह रास्ता जंगल की जमीन से लगी सरकारी भूमि से होकर गुजरता है।पीड़ितों का आरोप है कि दिनांक 12 जुलाई 2026 को सुबह करीब 11 बजे गांव के दबंग ट्रैक्टर लेकर वहां पहुंचे। शिकायत में कहा गया है कि दबंगों ने सरकारी जमीन पर बने उस पंडाल को ट्रैक्टर से तोड़ दिया, जहां देवी स्थापना की जाती थी। इतना ही नहीं, रास्ते में लगे करीब 7 साल पुराने और 7 फीट ऊंचे बरगद के पेड़ को भी उखाड़कर फेंक दिया। इसके बाद आरोपियों ने आवागमन के मुख्य रास्ते पर मेड़ (बंधिया) बनाकर उसे पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया। जब पीड़ित ग्रामीणों को इस बात की जानकारी लगी और उन्होंने मौके पर पहुंचकर रास्ता बंद करने का विरोध किया, तो आरोपी भड़क गए। ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों ने गालियां दीं और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर अपमानित किया।

इस दौरान बीच-बचाव करने आईं महिलाओं के साथ भी गंभीर अभद्रता और मारपीट की गई। दबंगों ने खुलेआम धमकी दी है कि श्यदि तुम लोग हमारे गांव खिरवा आ गए, तो जान से मार डालेंगे। ग्रामीणों ने आवेदन में यह भी उल्लेख किया है कि दबंगों के खौफ के कारण अब उनका घर से निकलना भी खतरे से खाली नहीं रह गया है। इसके अलावा, आरोपियों द्वारा अपनी जमीन में पारधियों को अवैध रूप से बसाया गया है, जो शराब बेचकर आए दिन विवाद करते हैं। इस संबंध में पीड़ित महिलाओं द्वारा पूर्व में विजयराघवगढ़ थाने में भी लिखित शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है।

### कुपोषण, एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाने बच्चों को पिलाई जाएगी दवा

# बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर दस्तक अभियान की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिला मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी के सभागार में मंगलवार को'दस्तक अभियान' का भव्य और प्रभावशाली शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह , जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ समीर सिंघईऔर एविडेंस एक्शन से तकनीकी सलाहकार व संभागीय समन्वयक तरुण तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर जिला आई ई सी सलाहकार विवेक सोनी, प्रभारी डी पीएम सतीश जैन, एम एन डी अरुण कुमार , ए पी एम विजय सोनी सी पी एच सी सलाहकार कविता, राम नारायण सरावगीऔर एम जी एम के स्टाफ छात्र सहित सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया और 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर इस महाअभियान की विधिवत शुरुआत की।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण, एनीमिया एवं अन्य गंभीर बीमारियों की शीघ्र पहचान कर उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह ने कहा कि दस्तक अभियान जिले के बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक अभेद्य सुरक्षा कवच है। हमारी टीमें पूरी मुस्तैदी से घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों में कुपोषण, गंभीर एनीमिया और अन्य बीमारियों की पहचान करेंगी। हमारा संकल्प जिले के अंतिम छोर पर बैठे पात्र बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और गंभीर बीमार बच्चों को त्वरित उपचार देकर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ बनाना है।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर ने खुराक के महत्व पर जोर देते हुए बताया कि अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जा रही है। यह खुराक बच्चों की आंखों की रोशनी बढ़ाने और उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) को मजबूत करने के लिए संजीवनी साबित होगी। शत-प्रतिशत टीकाकरण और विटामिन-ए का कवरेज सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।इस वर्ष के अभियान को तकनीकी रूप से बेहद आधुनिक और सुदृढ़ बनाया गया है। *एविडेंस एक्शन के तकनीकी सलाहकार व संभागीय समन्वयक तरुण तिवारी के ने इस डिजिटल बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार दस्तक अभियान को डिजिटल रूप से और मजबूत किया गया है। डिसीजन सपोर्ट सिस्टम के माध्यम से फील्ड में प्रत्येक बच्चे की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग और रेफरल की रियल-टाइम ट्रैकिंग की जाएगी। इससे अति-कुपोषित और बीमार बच्चों की पहचान में मानवीय त्रुटि की गुंजाइश पूरी तरह खत्म होगी। DSS टूल की मदद से मैदानी अमला तुरंत गंभीर बच्चों को चिन्हित कर सीधे पोषण पुनर्वास केंद्र या उच्च चिकित्सालय में रेफर कर सकेगा, जिससे बच्चों को बिना किसी देरी के त्वरित और सही इलाज मिलेगा। अभियान के दौरान सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर बच्चों की सेहत जांचेंगे और परिजनों को आवश्यक परामर्श व संदर्भित सेवाएं प्रदान करेंगे।

# अतिक्रमण के नाम पर आशियाना तोड़ने का आरोप, आत्मघाती कदम उठाने से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जगन्नाथ मंदिर परिसर में उस समय अफरा-तफरी और सनसनी का माहौल निर्मित हो गया, जब प्रशासन की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से क्षुब्ध एक युवक हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर मंदिर के भीतर घुस गया और खुद को अंदर बंद कर लिया। युवक के इस आत्मघाती कदम से मौके पर हड़कंप मच गया। घटना के दौरान युवक का परिवार भी वहीं मौजूद था। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और सूझबूझ से युवक को समझा-बुझाकर सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार चांडक चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर के पिछले हिस्से में विश्वकर्मा परिवार का एक निर्माण था, जिसे प्रशासन की टीम ने अतिक्रमण बताते हुए हटाने की कार्रवाई की। इस अचानक हुई कार्रवाई से पूरा परिवार स्तब्ध और आक्रोशित था। अपने आशियाने और निर्माण को टूटता देख परिवार का युवक रोशन विश्वकर्मा आक्रोश में आ गया और आत्मघाती कदम उठाने के इरादे से सीधे मंदिर की ओर दौड़ पड़ा।

हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर मंदिर के भीतर खुद को बंद करने वाले युवक रोशन विश्वकर्मा का सीधा आरोप था कि यह कार्रवाई पूरी तरह से दोषपूर्ण और एकतरफा है। युवक का कहना था प्रभु के नाम पर मंदिर कमेटी के इशारे पर प्रशासन ने हमारे साथ अन्याय किया है। यह कार्रवाई पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। जब युवक मंदिर के भीतर खुद को बंद किए हुए था, तब बाहर मौजूद उसके परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल था और वे भी प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई का विरोध कर रहे थे।प

धार्मिक स्थल पर हुए इस ड्रामे की खबर लगते ही पुलिस टीम तुरंत एक्शन में आई। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने बेहद संवेदनशीलता और सूझबूझ का परिचय दिया। बंद दरवाजे के बाहर से युवक को लगातार ढाढस बंधाया गया और कानूनी व शांतिपूर्ण ढंग से बात सुनने का आश्वासन दिया गया। काफी देर की मशक्कत और समझाइश के बाद युवक ने दरवाजा खोला, जिसके बाद पुलिस ने उसे सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया। पुलिस की इस त्वरित सूझबूझ के कारण एक बड़ी अनहोनी होने से टल गई।

पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित बनाए हुए हैं और मामले की जांच की जा रही है।

**खबर संक्षेप**

### युवाओं से किया आह्वान, अन्याय के खिलाफ भोपाल पहुंचें

**दमोह।** नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक, छात्रों एवं युवाओं के साथ लगातार हो रहे अन्याय और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में इंदौर से भोपाल तक छात्र-युवा साइकिल यात्रा निकाली जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी, दमोह एवं नगर पालिका परिषद पूर्व अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा ने बताया कि इस यात्रा का समापन 15 जुलाई को भोपाल में होगा। समापन के उपरांत विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी तथा मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर छात्रों और युवाओं की आवाज़ बुलंद की जाएगी। मनु मिश्रा ने जिले के सभी छात्रों, युवाओं एवं कांग्रेसजनों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुँचकर इस आंदोलन में शामिल हों तथा छात्रों और युवाओं के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद करें। उन्होंने कहा कि आइए, छात्रों के भविष्य, शिक्षा में पारदर्शिता और न्याय की इस लड़ाई में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### अमावस्या पर मतंगेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**खजुराहो।** अमावस्या के पावन अवसर पर विश्व प्रसिद्ध खजुराहो स्थित चंदेलकालीन मतंगेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में दर्शन और पूजन के लिए लंबी कतारें लग गईं। खजुराहो सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान मतंगेश्वर महादेव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया तथा भांग, धतूरा, बेलपत्र, शमी पत्र और पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान करने के बाद मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का अभिषेक किया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिलाओं ने बुंदेलखंड की पारंपरिक लमटेरा लोकगीत गाते हुए मंदिर पहुंचकर धार्मिक आस्था का अनूठा स्वरूप प्रस्तुत किया। अमावस्या के अवसर पर मंदिर परिसर के बाहर पारंपरिक मेले का भी आयोजन किया गया। वहीं नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी और सीएमओ बसंत चतुर्वेदी ने व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। 9वीं शताब्दी में निर्मित मतंगेश्वर महादेव मंदिर अपने लगभग 18 फीट ऊंचे शिवलिंग के लिए प्रसिद्ध है। धार्मिक मान्यता है कि मंदिर का निर्माण एक चमत्कारी मणि पर हुआ था, जिसे पांडवों के ज्येष्ठ युधिष्ठिर ने मतंग ऋषि को दान स्वरूप दिया था।

स्कूल नहीं पहुंच पाते छात्र, मरीजों को नहीं मिल पाती समय पर मदद, वर्षों से समाधान का इंतजार

# हल्की बारिश में डूब जाते हैं पुल, दर्जनों गांवों का संपर्क टूटता, जिम्मेदार बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



**जबेरा तहसील क्षेत्र में कम ऊंचाई वाले पुल और पुलियाएं हर बरसात में ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बन जाती हैं। हल्की बारिश होते ही इन पुलों पर पानी भर जाता है, जिससे दर्जनों गांवों का संपर्क टूट जाता है और आवागमन पूरी तरह ठप हो जाता है।**

हरदुआ, सुमेर, चौपरा, छपरवाहा, मोसीपुर, सगरा, कुसमी, बनवार, घटेरा, हिनोती, लखनी सहित कई गांवों को जोड़ने वाले एक दर्जन से अधिक छोटे पुल और पुलियाएं बारिश में परेशानी का सबब बनती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जरा सी बारिश में ही नाले उफान पर आ जाते हैं और पुलों के ऊपर पानी बहने लगता है, जिससे घंटों इंतजार के बाद ही आवाजाही शुरू हो पाती है। बरसात में हालात और गंभीर हो जाते हैं। मनगुंवा, छपरवाहा, लखनी और पिपरिया नवल जैसे गांव चारों ओर नदियों और नालों से घिर जाने के कारण टापू में तब्दील हो जाते हैं। शून्य नदी और छपरवाहा नाले पर बने कम ऊंचाई के पुल समस्या को और बढ़ा देते हैं।

हरदुआ-सुमेर, लखनी और विजय सागर कोरता पटी क्षेत्र में मुख्य मार्ग से जुड़े नालों पर बनी पुलियाएं (रपटे) भी हल्की बारिश में जलमग्न हो जाती हैं। इसका सीधा असर आम जनजीवन पर पड़ता है—छात्र स्कूल नहीं पहुंच पाते और गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। जनपद सदस्य गोविंद तिवारी के अनुसार, सागोनी मार्ग के बारु घाट नाला पर बनी कम ऊंचाई की पुलिया वर्षों से क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। क्षेत्रवासी लंबे समय से यहां ऊंचे पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। इसी तरह बनवार-घटेरा मार्ग के बीच मनगुंवा नाले पर बनी पुलिया, जिसकी ऊंचाई सड़क से भी कम है, हल्की बारिश में ही डूब जाती है और आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जिला प्रशासन को समस्या की पूरी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासी लगातार पुलों की ऊंचाई बढ़ाने और स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं, लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि इन मार्गों पर उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण किया जाए, तो बरसात के दौरान भी आवागमन सुचारू बना रह सकता है और लोगों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सकती है।

## संगठन ही समाज की प्रगति का आधार- भावना साहू



**हटा।** इंदौर साहू समाज की महिला अध्यक्ष एवं अधिवक्ता भावना साहू के प्रथम नगर आगमन पर साहू समाज द्वारा मां कर्मा देवी चौक (अंधियारा बगीचा) में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर उनका आत्मीय स्वागत किया। जानकारी के अनुसार भावना साहू हाल ही में छिंदवाड़ा से सांसद विवेक बंटी साहू की मैहर पैदल यात्रा में शामिल हुई थीं। इसी क्रम में राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू के साथ वे पहली बार हटा पहुंचीं जहां उनके आगमन पर समाजजनों ने जोरदार आतिशबाजी, पुष्पवर्षा, कर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां कर्मा देवी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं आरती के साथ हुआ। इसके पश्चात बुंदेलखंड की पारंपरिक संस्कृति के अनुरूप भावना साहू का मधुकर शाही तिलक लगाकर सम्मान किया गया। कमला नेहरू वार्ड की पार्षद नीरज साहू, सुमन साहू, अंकिता साहू एवं खुशबू साहू ने पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। वहीं उपस्थित सामाजिक बंधुओं एवं मातृशक्ति ने पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं प्रदान की। अपने संबोधन में भावना साहू ने समाज की एकजुटता, शिक्षा के महत्व, सामाजिक रीति-रिवाजों के संरक्षण तथा समाज कल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति का आधार शिक्षा, संगठन और आपसी सहयोग है। महिलाओं एवं युवाओं को सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने की आवश्यकता है, जिससे समाज और अधिक सशक्त एवं संगठित बन सके। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने भी उपस्थित समाजजनों को संबोधित करते हुए संगठन की गतिविधियों एवं समाज हित में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने समाज की एकता को समय की आवश्यकता बताते हुए सभी से संगठित होकर कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के प्रदेश महामंत्री कमलेश नायक, प्रदेश कोषाध्यक्ष गुड्डा भाटिया, संभाग अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, जिला अध्यक्ष बल्लू साहू, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, रनेह साहू समाज अध्यक्ष श्याम नायक, मुखिया नरेंद्र नायक, एमबीबीएस डॉ. चेतन साहू, वरिष्ठ समाजसेवी लक्ष्मण साहू, रोशन साहू, पूर्व पार्षद पूरनलाल साहू, ठेकेदार पूरन साहू, मुकेश साहू, मनोज पंडा, जितेंद्र साहू, अयोध्या प्रसाद साहू, पिंकी साहू, प्रकाश साहू, महेश साहू, केके साहू, अनिल साहू, संतोष साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, सर्वेंद्र साहू, महेंद्र साहू, मनोज साहू, सौरभ साहू, सुमित साहू, सोनू साहू सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में प्रदेश महामंत्री कमलेश नायक ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

## तेंदूखेड़ा हत्याकांड में फरार आरोपी पिता गिरफ्तार



**तेंदूखेड़ा।** नगर में गत 23 जून को नगर के साप्ताहिक हाट बाजार में हुए चर्चित अतुल अहिरवार हत्याकांड में पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी धीरेंद्र खटीक को पुलिस ने 22 दिन बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जून, मंगलवार को साप्ताहिक बाजार में हाथठेला किराए के पैसों को लेकर अतुल अहिरवार और विधि विरुद्ध बालक कार्तिक खटीक तथा उसके पिता धीरेंद्र खटीक के बीच विवाद हो गया था। विवाद के दौरान विधि विरुद्ध बालक कार्तिक ने चाकू से अतुल अहिरवार पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई थी। घटना के बाद तेंदूखेड़ा थाना पुलिस ने हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की थी। घटना के दूसरे ही दिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विधि विरुद्ध बालक कार्तिक को अभिरक्षा में लेकर कर बाल न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। वहीं, घटना के बाद से उसका पिता धीरेंद्र खटीक लगातार फरार चल रहा था। पुलिस उसकी तलाश में लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थी। नगर निरीक्षक सरोज सिंह ठाकुर ने बताया कि फरार आरोपी धीरेंद्र खटीक को पुलिस ने 22 दिन बाद गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी की और उसे न्यायालय में पेश कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस द्वारा सभी पहलुओं की जांच नियमानुसार की गई तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना उसकी प्राथमिकता है। मामले में आगे की वैधानिक प्रक्रिया न्यायालय के निर्देशानुसार जारी रहेगी।

### धरमपुरा में आज से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, 22 जुलाई को होगा भंडारा

**दमोह।** शहर के धरमपुरा वार्ड में 15 से 22 जुलाई 2026 तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। कथा का आयोजन धरमपुरा स्थित निज निवास पर होगा। कथा वाचन पं. कमलेश्वरानंद जी महाराज (श्री शिव सांई धाम मंदिर, बेलाताल) द्वारा प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से हरि इच्छा तक किया जाएगा।आयोजन की शुरुआत 15 जुलाई को कलश यात्रा, भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य कथा से होगी। 16 जुलाई को शुकदेव जी एवं परीक्षित जन्म प्रसंग, 17 जुलाई को परीक्षित श्राप, वामन अवतार एवं प्रह्लाद चरित्र, 18 जुलाई को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 19 जुलाई को बाल लीलाएं, गोवर्धन लीला एवं छप्पन भोग, 20 जुलाई को कंस वध एवं कृष्ण-रुक्मिणी विवाह तथा 21 जुलाई को सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष का वर्णन किया जाएगा।समापन 22 जुलाई को प्रातः हवन-पूजन तथा दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे के साथ होगा। आयोजन के मुख्य कथा श्रेता श्रीमती लक्ष्मीबाई एवं नन्हेलाल बरदिया (सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर) हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

जवानों को अनुशासन, फिटनेस एवं भीड़ नियंत्रण का कराया व्यावहारिक प्रशिक्षण

# पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में ली जनरल परेड




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (IPS) के नेतृत्व में आज पुलिस लाइन दमोह में जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड सलामी लेकर किया गया। इसके उपरांत पुलिस बल द्वारा आकर्षक एवं अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। परेड के दौरान विभिन्न टोलियों द्वारा ड्रिल एवं परेड अभ्यास का प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को अनुशासन, समयबद्धता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा नियमित अभ्यास पर विशेष बल दिया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा जवानों को भीड़ नियंत्रण (क्राउड कंट्रोल) की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण कराया गया। इस दौरान बैरिकेडिंग लगाकर कानून-व्यवस्था की स्थिति में प्रभावी भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा घेरा बनाना तथा समन्वित कार्रवाई का अभ्यास कराया गया, जिससे जवान किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में बेहतर ढंग से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें। पुलिस बल में आपसी समन्वय, उत्साह एवं टीम भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमों का गठन कर रस्साकसी प्रतियोगिता भी आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता में जवानों ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ भाग लिया। पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए शारीरिक फिटनेस एवं खेल गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक ने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण किया तथा शस्त्रों, अभिलेखों, सुरक्षा व्यवस्था एवं रख-रखाव की विस्तृत जांच कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जनरल परेड के दौरान उत्कृष्ट अनुशासन, बेहतर प्रदर्शन एवं कर्तव्यनिष्ठा प्रदर्शित करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि ने पुलिस लाइन परिसर में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याएं एवं सुझाव गंभीरतापूर्वक सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण का आश्वासन दिया।

## प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या

**छतरपुर।** कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में ग्राम महेबा निवासी मोहन रैकवार ने अपने पुत्र रामजी रैकवार की संदिग्ध मौत के मामले में निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन को आवेदन सौंपा। परिजनों का आरोप है कि प्रेम प्रसंग के चलते रामजी की सुनियोजित हत्या की गई है और मामले की गहन जांच कर दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाए।आवेदन के अनुसार, रामजी रैकवार 26 जून 2026 को लकड़ी काटने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद परिजनों ने ओरछा रोड थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई। दो दिन बाद 28 जून को पुलिस ने सूचना दी कि मातगुवां क्षेत्र के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। जिला अस्पताल में कपड़ों के आधार पर परिजनों ने शव की पहचान रामजी रैकवार के रूप में की। पीड़ित परिवार का कहना है कि रामजी का गांव की एक युवती से प्रेम संबंध था, जिससे युवती के परिजन नाराज थे। इसी कारण उन्होंने हत्या की आशंका जताते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में 'दस्तक अभियान' का भव्य शुभारंभ

### 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई गई विटामिन 'ए' की खुराक


हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




बाल स्वास्थ्य और पोषण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा में 'दस्तक अभियान' का शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों की स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण सुनिश्चित करेंगी अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान रूपेश सेन, बंटी दुबे, डेरिक ब्राउनर, प्रियंका, मुन्नीलाल सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। बच्चों को विटामिन 'ए' की दवा पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरुआत की। प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. रवि यादव ने अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि दस्तक अभियान का मुख्य लक्ष्य 5 वर्ष तक के बच्चों में होने वाली बाल्यकालीन बीमारियों की समय पर पहचान और उनका त्वरित उपचार करना है। उन्होंने बताया स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रत्येक घर का भ्रमण करेंगी और बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक पिलाएंगी। बीमारियों से सुरक्षा और पोषण पर जोर डॉ. रवि यादव के अनुसार इस अभियान के माध्यम से बच्चों को संक्रामक बीमारियों जैसे- निमोनियाः श्वसन संबंधी संक्रमण की पहचान। दस्त रोगः निर्जलीकरण से बचाव हेतु ओआरएस और जिंक का वितरण। एनीमिया व कुपोषणः गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्रों में रेफर करना। विटामिन 'ए' की यह खुराक बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आंखों की बीमारियों से भी सुरक्षित रखेगी। श्री यादव ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी बारी आने पर स्वास्थ्य दलों का सहयोग करें और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं।

# सिंग्रामपुर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर



भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार जी के प्रथम आगमन पर सिंग्रामपुर में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर में उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार जी ने रानी दुर्गावती पार्क पहुंचकर वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात आयोजित स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पहार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) माननीय धर्मेंद्र सिंह लोधी जी के अनुज सतेन्द्र सिंह लोधी, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, जनजातीय समूह के जिला अध्यक्ष जयसिंह, मंडल अध्यक्ष मंदीप यादव, सरपंच प्रतिनिधि अजय सोनकर, अजय राय, मुलायम चंद्र जैन, भाईसाब पटेल, रानू नामदेव, रामेश्वर पटेल, अजय ठाकुर, भानु ठाकुर, महेंद्र यादव एवं भैया लाल यादव सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, सामाजिक समरसता तथा पार्टी की जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को दोहराया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रथम सिंग्रामपुर आगमन को ऐतिहासिक बताते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## गर्भवती पत्नी को घर से निकालने पर बेटे ने मां पर किया हमला

**तेंदूखेड़ा।** थाना क्षेत्र में पारिवारिक विवाद के दौरान एक युवक द्वारा अपनी मां पर लाठी से हमला करने का मामला सामने आया है। घायल महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पुत्र के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के वार्ड क्रमांक 9 निवासी ममता केवट ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने पुत्र एवं बहू के साथ जबलपुर में मजदूरी करती हैं। शिकायत के अनुसार, उनका पुत्र किसी अन्य युवती के संपर्क में होने के कारण अपनी पत्नी को छोड़ना चाहता है। बहू की गोद में लगभग डेढ़ वर्ष का बच्चा है तथा वह वर्तमान में गर्भवती भी है। बताया गया कि सोमवार को ममता केवट अपनी गर्भवती बहू के साथ जबलपुर से तेंदूखेड़ा आई थीं। मंगलवार को बहू को गर्भावस्था संबंधी जांच एवं टीकाकरण के लिए अस्पताल जाना था। इसी दौरान घर पहुंचते ही आरोपी पुत्र बहू को देखकर आक्रोशित हो गया और उसे घर से निकालने की जिद करने लगा। जब मां ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने घर में विवाद करते हुए लाठी से हमला कर दिया, जिससे ममता केवट के सिर में गंभीर चोट आई। शिकायत में आरोपी पर घर का सामान तोड़फोड़ करने का आरोप भी लगाया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसके पति का पहले ही निधन हो चुका है और उसने मजदूरी कर अपने पुत्र का पालन-पोषण किया, लेकिन अब वही पुत्र उसके साथ मारपीट कर रहा है। घटना के बाद घायल महिला तेंदूखेड़ा थाने पहुंची, जहां पुलिस ने उसका उपचार कराते हुए शिकायत दर्ज की। एएसआई गजराज सिंह ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर आरोपी गन्नू केवट के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी, लेकिन वह फरार मिला। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

## जमीन नहीं बेची तो बरसी लाठियां, चली गोली

छतरपुर।

जिले के थाना राजनगर के अंतर्गत ग्राम कोड़ा में कुशवाहा परिवार द्वारा अपनी जमीन ना बेचने पर बागेश्वरधाम पीठाधीश्चर के छोटे भाई शालिगराम गर्ग और उनके साथियों की गुडागर्दी मंगलवार की दोपहर खुलकर देखने को मिली। चार पहिया वाहनों से पहुंचे शालिगराम गर्ग और उनके साथियों ने किसान मोतीलाल कुशवाहा को जमीन बेचने के लिए दबाव बनाया, लेकिन मोतीलाल कुशवाहा अपनी जमीन बेचने के लिए तैयार नही था। लेकिन शालिगराम गर्ग द्वारा उस पर जबरन दबाव बनाया जा रहा था जब मोतीलाल कुशवाहा ने विरोध किया, तो शालिगराम गर्ग और उसके साथियों ने डड़े से सिर में प्रहार किया जिससे वह घायल हो गया और पिस्टल से 3-4 राउण्ड गोलियां भी चलाई। गोली मोतीलाल कुशवाहा के पेट को छूती हुई निकल गई। गोली चलाने और डंडे से मारपीट की घटना के बाद कुशवाहा परिवार के लोगों ने शालिगराम गर्ग और उसके साथियों का पीछा किया तो चारों लोग जान बचाकर काफी दूर तक भागे। भागने के दौरान आरोपीगण वाहन भी छोड़ गए जिसमें बैठकर ग्राम कोड़ा गांव पहुंचे थे। घायल अवस्था में मोतीलाल कुशवाहा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया और पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। पुलिस शालिगराम गर्ग के पूर्व के मामलों की तरह इस मामले को भी हल्के में लेकर रफादफा कर देगी। वहीं घायल मोतीलाल कुशवाहा के छोटे भाई अमन कुशवाहा ने आरोप लगाया कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर का भाई शालिगराम गर्ग उनकी जमीन जबरन हड़पना चाहता है। मंगलवार को भी वह चार लोगों के साथ आया और डंडे से मारपीट करते हुए पिस्टल से गोली चलाई, गोली कान के पास से पेट को छूती हुई निकल गई।

## विद्युत विभाग ने दिये मुआवजा के चेक

**दमोह।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पू.क्षेवि.वि.क.लि.) दमोह उत्तर संभाग द्वारा पात्र हितग्राहियों को कंपनी के नियमानुसार मुआवजा राशि के धनादेश प्रदान किए गए। पटेरा वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बिला खुर्द निवासी स्व. ओमकार कुशवाहा, पिता भागीरथ कुशवाहा, जो आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे, की पोल से गिरने के कारण मृत्यु हो गई थी। इस प्रकरण में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उनकी पत्नी सरस्वती पटेल (पत्नी स्व. ओमकार कुशवाहा) को 14 जुलाई 2026 को 4 लाख रुपये का मुआवजा धनादेश (क्रमांक 823338) प्रदान किया गया। इसी प्रकार पथरिया ग्रामीण वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम बिलानी निवासी अरविंद अठ्या, पिता बिहारी अठ्या की तीन गायों की करंट लगने से मृत्यु हो गई थी। मामले की जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के बाद विद्युत विभाग द्वारा कंपनी के नियमानुसार 80 हजार रुपये की मुआवजा राशि का धनादेश (क्रमांक 823337) 14 जुलाई 2026 को संबंधित पशु मालिक को प्रदान किया गया।

### दिव्यांग छात्रा की भी सुनी परेशानी, 312 आवेदनों पर हुई सुनवाई

## बच्चों की मांग पर कलेक्टर ने दिये सड़क निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में सुनपुरा के 07 स्कूल बच्चों की पुकार रंग लाई। इन स्कूली बच्चों ने कलेक्टर प्रताप नारायण यादव से कहा हमारे स्कूल तक पहुंचने में कीचड़ हो रहा है हमारा ऑटो भी नहीं पहुंच पाता है। कलेक्टर श्री यादव ने इन बच्चों की बात अपने पास बुलाकर सुनी और तत्काल ही सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे से कहा कल से ही यहां काम करवाए ताकि बच्चे सुगमता से स्कूल पहुंच सके। उन्होंने तत्काल ही इन बच्चों से कहा चिंता ना करें आप पढे और सड़क का काम करवाया जाएगा।

कलेक्टर ने इन स्कूली बच्चों को बिस्किट के पैकेट भी दिए और कहा जाए अपनी पढ़ाई करें। इन बच्चों ने बाहर निकलकर खुशी-खुशी कलेक्टर से हुई चर्चा की बात की।



इन बच्चों के चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि अब उन्हें कीचड़ मार्ग से मुक्ति मिल जाएगी। कक्षा चार के हर्ष तिवारी ने कहा अब स्कूल जाने में कीचड़ की दिक्कत से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर साहब ने कहा सड़क बन जाएगी। इसी प्रकार नैंसी तिवारी ने कहा कलेक्टर साहब ने कहा है सड़क बन जाएगी सभी बच्चे बाहर खुश नजर आए। इसी प्रकार एक बुजुर्ग दिव्यांग श्री गुप्ता अपनी ट्राइ साइकिल से उठ नहीं पा रहे थे, कलेक्टर श्री यादव उनके पास पहुंचे उनकी बातें सुन संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने दोपहर 02 बजे के बाद भी जनसुनवाई में पहुंचे करीब 30 लोगों के आवेदन लिए उनकी बातें सुनी और तुरंत निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सुनार नदी में तैरता मिला युवक का शव

**बटियागढ़।** थाना क्षेत्र की सीमा पर नरसिंहगढ़ की सुनार नदी पुल के पास सुनार नदी में युवक का साथ तैरता दिखाई देने से सनसनी की हालत बन गए। नदी में शव होने की सूचना पर बटियागढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची लोगों की मदद से नदी से शव बाहर निकल गया। मृतक की शिनाख्त अर्जुन प्रजापति पिता जगन्नाथ प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी बसिया थाना बटियागढ़ के रूप में की गई। पुलिस ने शव पंचनामा कार्रवाई के बाद अस्पताल भेजा मर्ग कायम कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बटियागढ़ सुनार नदी में मिला युवक का मिला शव, जिसकी पहचान अर्जुन प्रजापति पिता जगन्नाथ प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी बछिया खिरिया थाना बटियागढ़ रूप में हुई, बटियागढ़ पुलिस मामले की जाँच करने में जुटी।

## शासकीय कुएं पर अतिक्रमण, खेल मैदान के सीमांकन की भी उठी मांग

**पटेरा।** नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 13 स्थित हॉकी ग्राउंड के पास बने शासकीय कुएं पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत स्थानीय नागरिकों ने तहसीलदार, नगर परिषद एवं पुलिस थाना में हस्ताक्षरयुक्त आवेदन देकर की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुन्ना खान द्वारा शासकीय कुएं को ढककर उस पर अतिक्रमण किया गया है।आवेदकों ने बताया कि हॉकी ग्राउंड के सीमांकन की मांग भी लंबे समय से की जा रही है। इस संबंध में अरविंद सिंह द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक खेल मैदान का सीमांकन नहीं कराया गया है।शिकायतकर्ताओं के अनुसार नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस थाना को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए पत्र भेजा है। वहीं प्रभारी तहसीलदार ने पूरे प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है, ताकि तथ्य सामने आने पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अवैध निर्माण पर रोक लगाने की मांग भी की है।

### सेशन कोर्ट ने लगाई अंतिम मुहर, 2023 में 53 क्विंटल बहेरा के साथ पकड़ा गया वाहन

## बहेरा के अवैध परिवहन में जब्त टाटा 407 वाहन राजसात

### सीसीएफ के बाद सेशन कोर्ट से भी आरोपी की अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



वन विभाग द्वारा वर्ष 2023 में बहेरा के अवैध परिवहन के मामले में जब्त किए गए टाटा 407 वाहन को सेशन न्यायालय सागर द्वारा अंतिम रूप से राजसात किए जाने का आदेश पारित किया गया है। यह प्रकरण वन विभाग की प्रभावी कार्रवाई एवं अवैध वन उपज के परिवहन के विरुद्ध की जा रही सख्त कानूनी कार्रवाई का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 19 नवंबर 2023 को वन परीक्षेत्र तेंदूखेड़ा अंतर्गत हाथीडोल क्षेत्र में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर वन अमले ने कार्रवाई करते हुए तेंदूखेड़ा की ओर आ रहे एक टाटा 407 ट्रक को रोकने का प्रयास किया। वन विभाग की कार्रवाई के दौरान चालक एवं अन्य लोग वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। वन अमले ने वाहन को अपने कब्जे में लेकर जांच की, जिसमें 145 बोरियों में लगभग 53 क्विंटल बहेरा भरा हुआ मिला। परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपराध क्रमांक 355/19 दर्ज कर वाहन एवं वन उपज को जब्त कर लिया गया। जांच के दौरान वाहन के स्वामी की पहचान वार्ड क्रमांक 8, तेंदूखेड़ा निवासी राकेश जैन (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई। निर्धारित विधिक प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उपवन मंडल अधिकारी कार्यालय द्वारा वाहन को राजसात कर दिया गया। इसके विरुद्ध वाहन स्वामी द्वारा मुख्य वन संरक्षक सीसीएफ, सागर के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई, जिसे निरस्त कर दिया गया। इसके बाद वाहन स्वामी ने सेशन न्यायालय, सागर में अपील दायर की। न्यायालय द्वारा 10 जुलाई 2026 को पारित आदेश में वाहन को अंतिम रूप से राजसात किए जाने के आदेश को बरकरार रखा गया। इनका कहना-- वन परीक्षेत्र अधिकारी श्रेयांश जैन ने बताया कि यह राजसात का एक महत्वपूर्ण प्रकरण है, जिससे अवैध वन उपज के परिवहन के विरुद्ध विभाग की कार्रवाई को कानूनी मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में ऐसे कई अन्य वाहन भी राजसात की प्रक्रिया एवं न्यायालयीन सुनवाई के अधीन हैं। न्यायालय के अंतिम आदेश के बाद संबंधित वाहन का उपयोग विभागीय कार्यों में किया जाना अथवा नियमानुसार उसकी नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ करना सक्षम अधिकारियों के निर्णय एवं विभागीय अनुमति पर निर्भर करेगा। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि वन उपज का परिवहन केवल वैध अनुमति एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही करें। अवैध परिवहन अथवा वन अपराधों में संलिप्त पाए जाने पर वन अधिनियम के तहत कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्व मामलों की प्राथमिकता तय, दिव्यांगजन के 25 वर्ष पुराने प्रकरण की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए कहा पंजीकृत 312 आवेदनों के अलावा 30-40 अपंजीकृत आवेदन भी प्राप्त हुए। इस प्रकार लगभग 350 आवेदनों पर एक-एक कर सुनवाई की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा सबसे अधिक आवेदन राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जिनका नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा जनसुनवाई के दौरान एक दिव्यांगजन ने वर्ष 2001 से लंबित भूमि संबंधी प्रकरण प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक (आरआई) को बुलाकर रिकॉर्ड की जांच कराई। जांच में संबंधित भूमि मंदिर की सार्वजनिक ट्रस्ट संपत्ति पाई गई। इसके बाद प्रकरण के परीक्षण एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग के एएनएम एवं एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों ने 'सार्थक ऐप' पर उपस्थिति दर्ज करने में आ रही तकनीकी कठिनाइयों की जानकारी दी।

### किसानों के लंबित भुगतान और 'सार्थक ऐप' की तकनीकी समस्या का मौके पर समाधान

इस पर उन्होने तत्काल ई-गवर्नेंस मैनेजर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को बुलाकर कर्मचारियों का प्रशिक्षण कराया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारी कहीं से भी उपस्थिति दर्ज कर सकते हैं, लेकिन ऐप लोकेशन दर्ज करेगा और ड्यूटी स्थल के अनुरूप होने पर ही उपस्थिति मान्य होगी। जनसुनवाई में किसानों ने गेहूं एवं चना उपार्जन का भुगतान लंबित होने की शिकायत भी दर्ज कराई। इस पर कलेक्टर ने एआरसीएस को तत्काल भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रारंभिक जांच में पिपरिया चंपत सोसायटी से जुड़े 13 किसानों के भुगतान में वेयरहाउस स्तर पर माल जमा न होने अथवा शॉर्टेज के कारण बाधा सामने आई। उन्होने निर्देश दिए कि संबंधित सोसायटी के कमीशन से राशि समायोजित कर किसानों का भुगतान शीघ्र कराया जाए। कलेक्टर श्री यादव ने कहा प्रशासन का लगातार प्रयास है कि प्रत्येक शिकायत का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हो। उन्होंने कहा बोनी के व्यस्त कृषि सीजन के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का जनसुनवाई में पहुंचना प्रशासन के प्रति बढ़ते विश्वास का प्रमाण है, क्योंकि लोगों को अपने आवेदनों के समयबद्ध निराकरण की उम्मीद है।

## जनसुनवाई में 312 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 (व्यारमा) में आयोजित जनसुनवाई में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आये आवेदकों की समस्याओं को सुना। इस दौरान सामान्य जनसुनवाई में 312 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में 17 आधार अपडेशन एवं 110 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही जनसुनवाई के दौरान कुछ सामूहिक आवदेन भी दिए गए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे, अपर कलेक्टर राकेश मोहन त्रिपाठी, एसडीएम सौरभ गंधर्व, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

## गांगी धाम मड़िया में पूरी होती हैं श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं

**रनेह/दमोह।** दमोह एवं पन्ना जिले की सीमा के समीप स्थित प्रसिद्ध गांगी धाम मड़िया श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। ग्राम रनेह से लगभग 20 किलोमीटर तथा बम्हौरी से करीब 1 किलोमीटर की



दूरी पर स्थित इस धाम में प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान हनुमान के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि धाम में विराजमान भगवान हनुमान के समक्ष सच्ची श्रद्धा और विश्वास के साथ की गई प्रार्थना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा जीवन के दुख-दर्द दूर होते हैं। इसी आस्था के कारण आसपास के गांवों के साथ-साथ दमोह, पन्ना और अन्य क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। धाम के पुजारी बबलू राजा द्वारा पथरी एवं अन्य रोगों के लिए पारंपरिक (देसी) औषधि भी श्रद्धालुओं को दी जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अनेक लोगों ने इस औषधि से लाभ मिलने का अनुभव साझा किया है। प्रत्यक्षदर्शियों और श्रद्धालुओं के अनुसार, जो भी व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ गांगी धाम मड़िया पहुंचता है, उसकी मनोकामना पूर्ण होने की मान्यता है। यही कारण है कि प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को यहां भक्तों का विशेष जमावड़ा देखने को मिलता है और पूरा धाम भक्ति, श्रद्धा एवं धार्मिक वातावरण से गुंजायमान रहता है।

## दमोह में मुनि संघ की भव्य विशाल महाआगवानी



**दमोह।** आचार्य गुरुदेव 108 श्री विद्यासागर जी महाराज एवं परम पूज्य आचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य 'मुनि श्री नीरज सागर जी महाराज एवं परम पूज्य मुनि श्री निर्मद सागर जी महामुनि राज का संघ सहित एवं नगर गौरव 105 ऐलक आगत सागर जी एवं 105 छुल्लक श्री स्वास्तिक सागर जी बड़े बाबा का प्रवेश द्वार धर्मनगरी दमोह' में भव्याती भव्य नगर प्रवेश हुआ। प्रातः 7 बजे बड़ी संख्या में भक्तगण जबलपुर नाका पहुंचे। सभी मंदिर के महिला मंडल अपनी ड्रेस में अगवानी में सम्मिलित हुई। पाठशाला के सभी बच्चे अपनी पाठशाला में अपने ड्रेस पहने हुए उसमें सम्मिलित हुए। सकल दिगंबर जैन समाज एवं पंचायत दमोह के साथ विभिन्न संस्थाओं की उपस्थिति रही।

## अवैध शराब पर हुई कार्यवाही

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त होने पर तेंदूखेड़ा पुलिस के द्वारा एक सफेद रंग की आई-20 कार जिसमे नम्बर प्लेट पर बोस लिखा था उक्त कार से अवैध शराब परिवहन होने की सूचना मिलने पर ग्राम खकरिया मे झाड़ियो के नीचे खाकी रंग के कार्टून छुपाकर पुलिस को आता देख आरोपी गांव तरफ भाग गये जब झाड़ियो मे देखा तो खाकी रंग के कार्टून छिपे थे कुल 15 कार्टून खाकी रंग के रखे मिले जिनमे देशी लाल मशाला शराब के कुल 750 पाव 135 बल्क लीटर शराब कीमती 75 हजार रूपये एवं पूर्व मे मुखबिर द्वारा बतायी गयी एक सफेद रंग की आई 20 कार जिस पर बोस लिखा है खकरिया गांव मे होने पर तलाश दौरान गांव मे मिली जिसकी नम्बर एमपी 20 सीजी 1843 कीमती करीबन 05 लाख रुपये की जप्त की गयी। आरोपीगण मौके से फरार हो गये। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सरोज ठाकुर, प्रआर केवल प्रधान, प्रआर ब्रजेश तिवारी, प्रआर. रविचंद सेन, आर.विशाल बैन, आर. नंदलाल कुर्मी, आर शैलेन्द्र बघेल, आर. रणधीर दांगी एवं सायबर सेल से प्रआर. राकेश अठ्या का विशेष योगदान रहा।

## आज से चलेगा 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान

**दमोह।** समाज में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने और जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक पूरे प्रदेश में ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0₹ व्यापक नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के समन्वय से प्रतिदिन जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 16 जुलाई से 30 जुलाई 2026 तक निर्धारित कैलेंडर के अनुसार नशामुक्ति से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें नशा पीड़ितों के पुनर्वास, परामर्श केंद्रों की गतिविधियां, जनजागरूकता अभियान, रैलियां, शपथ कार्यक्रम एवं संवाद कार्यक्रम शामिल रहेंगे।

## राजीव राय सावजी बने राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष

**दमोह।** अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा में राजीव राय सावजी को राष्ट्रीय युवा कोषाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर जिले में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर समाज के पदाधिकारियों, युवा साथियों, विभिन्न



सामाजिक संगठनों एवं सभी वर्गों के लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं।शुभकामनाएं देने वालों में श्याम शिवहरे, संजय राय, राजा राय, धर्मेंद्र राय, चंदू राय, सुनील राय, जयकांत राय, बंटी राय, पप्पू राय, अभिषेक राय, आशीष राय, कपिल राय, गोविंद राय, मुलायम राय, नर्मदा प्रसाद राय, राजू राय, गौरव राय, अंकित राय सहित अनेक युवा साथी एवं पत्रकार शामिल रहे।इसके अलावा कपिल सोनी, मोंटी रैकवार, अधिवक्ता नारायण चक्रवर्ती, अधिवक्ता पंकज खरे, अधिवक्ता कमलेश भारद्वाज, अधिवक्ता राजीव ठाकुर, महेंद्र दुबे, राजा रौतेला, विशाल खटीक, संजय यादव, अमर सिंह, आलोक गोस्वामी, महेंद्र ताम्रकार, प्रेम आहूजा, संजय चौरसिया, दिलीप चौरसिया एवं प्रमोद विश्वकर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी राजीव राय सावजी के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### सिर्फ साइन बोर्ड और दो ट्रॉली पत्थर डालकर निभाई जा रही औपचारिकता, ग्रामीणों में नाराजगी

## भूस्खलन के एक सप्ताह बाद भी मरम्मत कार्य सुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

**सिंग्रामपुर-तेंदूखेड़ा मार्ग स्थित भैंसाघाट की सिद्ध बाबा पहाड़ी पर लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के एक सप्ताह बाद भी मरम्मत कार्य रफ्तार नहीं पकड़ सका है। सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से क्षेत्र में आवागमन पर खतरा बना हुआ है, लेकिन लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की ओर से अब तक केवल चेतावनी साइन बोर्ड लगाकर और सड़क किनारे दो ट्रॉली पत्थर डालकर औपचारिकता पूरी की गई है।**



भूस्खलन के बाद भी बड़ी संख्या में पर्यटक सिद्ध बाबा पहाड़ी पहुंच रहे हैं। कई लोग खतरे की अनदेखी कर सेल्फी लेते दिखाई दे रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रभावित क्षेत्र में केवल रस्सी बांधकर सीमित हिस्से को बंद किया गया है, लेकिन लोगों की आवाजाही पर प्रभावी रोक नहीं लगाई गई है। बरसात के मौसम में रानी दुर्गावती अभ्यारण्य बंद होने के बावजूद दूर-दराज से पर्यटक परिवार सहित भैंसाघाट पहुंच रहे हैं। यहां बने सेल्फी प्वाइंट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं, जबकि पहाड़ी पर भूस्खलन का खतरा अभी भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि समाचार प्रकाशित होने के एक सप्ताह बाद भी विभाग की कार्रवाई बेहद धीमी है। मौके पर केवल सूचना बोर्ड लगाकर और दो ट्रॉली पत्थर डालकर खानापूर्ति की जा रही है। कल्लूमर के सरपंच डेलन यादव ने बताया कि पानी रुके आठ दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन मरम्मत कार्य में अपेक्षित गति नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्र का सबसे संवेदनशील हिस्सा है। यदि समय रहते स्थायी मरम्मत नहीं हुई तो सिंग्रामपुर, आलोनी, चौरई, सांवरा, कल्लूमर, दोनी, साईंपुरा और सेलवाड़ा सहित कई गांवों का संपर्क प्रभावित हो सकता है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन और दैनिक जीवन पर गंभीर असर पड़ेगा। पीडब्ल्यूडी के उपयंत्री नीलकमल मिश्रा ने बताया कि सिद्ध बाबा पहाड़ी के पास भूस्खलन प्रभावित स्थल पर मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क के धंसे हिस्से को नीचे से पत्थर भरकर सीमेंट की जुड़ाई के माध्यम से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश कम होने के बाद कार्य में तेजी लाई जा रही है।स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटना की आशंका को देखते हुए प्रभावित क्षेत्र में सख्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए, पर्यटकों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई जाए तथा शीघ्र गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए।

## बोलेरो से 162 लीटर अवैध शराब जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मड़ियादो पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से 162 लीटर देशी मसाला शराब जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं एसडीओपी हटा कृष्णपाल सिंह के मार्गदर्शन में की गई।

थाना मड़ियादो पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम वर्धा की ओर से एक बोलेरो वाहन में अवैध शराब लाई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने तिंदनी तिगड्डा मेन रोड पर घेराबंदी कर बोलेरो क्रमांक एमपी-39-सी-2154 को रोका। तलाशी के दौरान वाहन से 15 कार्टन में रखी 162 लीटर देशी मसाला शराब बरामद हुई। शराब की अनुमानित कीमत 95,400 रुपये बताई गई है। पुलिस ने शराब और बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में आशाराम (45), बृजेश (35) और केतार वर्मन (30) निवासी ग्राम कोल करहिया, थाना सिमरिया, जिला पन्ना शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध थाना मड़ियादो में अपराध क्रमांक 99/2026 के तहत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) में मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रीति पाण्डेय, उप निरीक्षक सरदार सिंह, प्रधान आरक्षक रनमत सिंह तथा आरक्षक विमलेश, धर्मेन्द्र, नरेन्द्र और भरत कुर्मी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।